प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 12 फरवरी, 2014

डॉ. खूबचन्द्र बघेल महाविद्यालय, भिलाई-3 के विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया

विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भेंट की

-डॉ. खूबचन्द्र बघेल महाविद्यालय, भिलाई-3 (जिला-दुर्ग) के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने आज विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। कार्यवाही अवलोकन पश्चात् इन्होने विधानसभा भवन स्थित समिति कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजमहंत श्री सांवला राम डाहरे एवं विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि- प्रश्नों के माध्यम से कोई भी मान. सदस्य किसी भी विषय पर शासन से जानकारी मांग सकता है। प्रश्नकाल शासन पर नियंत्रण का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इस काल में मंत्री पूरी जवाबदेही से अपने विभाग के कार्यो की जानकारी देते हैं। उन्होने कहा कि- छत्तीसगढ विधानसभा ने अनेक उच्च आदर्शो को स्थापित किया है। यहां के प्रतिनिधियों ने स्वयं यह नियम बनाया है कि यदि कोई सदस्य सभा की कार्यवाही के दौरान गर्भ गृह में प्रवेश करता है तो वह स्वमेव निलंबित हो जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि- छत्तीसगढ की विधानसभा आदर्श विधानसभा है। यहां पिछले 14 वर्षो से बजट की अनुदान मांगों पर विभागवार चर्चा होती है उसके पश्चात् ही बजट पारित होता है तथा विधानसभा में जब तक बजट

पारित नहीं होता तब तक सरकार उसमें से एक भी पैसा खर्च नहीं कर सकती। इस तरह विधानसभा में सर्वोच्च ताकत निहित है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा ने विधानसभा की कार्यवाही एवं इसके कार्यकरण पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।